आकाशवाणी केन्द्र शिमला
02.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18.00 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला से 22 चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के पहले दल को 13 दिवसीय भ्रमण पर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने बच्चों की वोल्वो बस को हरी झंडी दिखाई और उन्हें इस भ्रमण के लिए शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने प्रदेश के 6 हजार अनाथ बच्चों को कानून बनाकर चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के रूप में अपनाया है। उन्होंने कहा कि अनाथ बच्चों का कल्याण सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना लागू की गई है, जिसके अन्तर्गत अनाथ बच्चों की देखभाल, उन्हें शिक्षा प्रदान करने और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रावधान किए गए हैं।

इन 22 बच्चों को इसी योजना के तहत चंडीगढ़, दिल्ली और गोवा के भ्रमण पर भेजा गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल और कृषि मंत्री चन्द्र कुमार, सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

जल विद्युत परियोजना

प्रदेश सरकार 22 नई जल विद्युत परियोजनाओं का आबंटन करने जा रही है, जिनकी कुल विद्युत क्षमता 8 सौ 28 मेगावाट है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला में ये जानकारी देते हुए बताया कि इन परियोजनाओं में 6 दशमलव 5 मेगावाट से लेकर 4 सौ मेगावाट तक की परियोजनाएं शामिल है। उन्होंने कहा कि यह परियोजनाएं कुल्लू, चम्बा, किन्नौर, लाहौल–स्पीति और शिमला जिलों में चिन्हित की गई हैं, जिनमें सबसे अधिक 5 सौ 95 मेगावाट क्षमता की नौ परियोजनाएं चिनाव नदी बेसिन, एक सौ 69 मेगावाट क्षमता की आठ परियोजनाएं सतलुज नदी बेसिन, 55 मेगावाट की क्षमता की चार परियोजनाएं रावी जबकि नौ मेगावाट क्षमता की एक परियोजना ब्यास बेसिन में लगाना प्रस्तावित है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पहली बार इन परियोजनाओं को देश के अन्य राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों व केन्द्रीय उपक्रमों को 10 लाख प्रति मेगावाट अपफ्रंट प्रीमियम के

आधार पर 40 वर्ष के लिए आबंटित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में ऊर्जा निदेशालय द्वारा सभी राज्य के सचिवों व केन्द्रीय उपक्रमों को पत्र भी भेजा गया है।

आयुष्मान भारत

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत अब 70 साल या इससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों का 5 लाख रुपए तक का उपचार मुफ्त होगा। चंबा के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर बिपिन ठाकुर ने बताया कि 70 वर्ष या इससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में शामिल करने की अधिसूचना सरकार द्वारा जारी कर दी गई है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड पर कैंसर, गुर्दा रोग, हृदय रोग, डेंगू, और डायलिसिस समेत अन्य कई बीमारियों का निःशुल्क उपचार करवा सकेंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि इस कार्ड के लिए जल्द अस्पतालों व स्वास्थ्य केंद्रों में पंजीकरण शुरू होगा।

इस बीच वरिष्ठ नागरिकों ने भी भारत सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हुए इसे एक सराहनीय कदम बताया है। चंबा जिला पैंशनर एसोसिएशन के अध्यक्ष पी.सी. ओबराय ने इस फैसले के लिए केंद्र सरकार का आभार जताया है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज दोपहर बाद से हल्के बादल छाए रहे। प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों सहित निचले मैदानी इलाकों में लोगों को सुबह शाम कड़ाके की ठण्ड का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में 4 जनवरी से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है जिसके चलते आगामी 7 जनवरी तक उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में हिमपात और अन्य भागों में वर्षा की सम्भावना है।

-----------